कोटद्वार, मंगलवार
9 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 248 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## फिर जेल जाएंगे बिलकिस बानो के दोषी, सुको ने पलटा गुजरात सरकार का सजा माफी का फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में अजीवन कारावास की सजा काट रहे 11 दोषियों की 2022 में समयपूर्व रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को अवैध करार देते हुए सोमवार को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने दोषियों को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सजामाफी के मुद्दे पर फैसला लेना गुजरात सरकार के अधिकारक्षेत्र में नहीं आता, इसलिए सजामाफी का उसका फैसला रद्द किया जाता है।

पीठ ने कहा कि मुकदमे की सुनवाई महाराष्ट्र की अदालत में हुई थी, इसलिए सजामाफी पर फैसला लेना वहां की सरकार के अधिकारक्षेत्र में आता है। गुजरात सरकार की 1992 की माफी नीति के तहत बाकाभाई वोहानिया, जसवंत नाई, गोविंद नाई, शैलेश भट्ट, राधेश्याम शाह, विपिन





चंद्र जोशी, केशरभाई वोहानिया, प्रदीप मोढ़वाडिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चांदना को 15 अगस्त 2022 को गोधरा उप कारागर से रिहा कर दिया गया था। रिहा करने के फैसले को अदालत में चुनौती दी गई थी। शीर्ष न्यायालय ने बिलकिस की याचिका और अन्य की याचिकाओं सुनवाई पूरी होने के बाद 12 अक्टूबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा था कि अपराध 'भयानक' है, लेकिन वह 'भावनाओं में' नहीं आएगी और केवल कानून के आधार पर इस मामले में फैसला करेगी।

न्यायालय ने तब यह भी कहा था कि गुजरात सरकार इस मामले में अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करेगी, क्योंकि वहां अपराध हुआ था। बिलकिस ने नवंबर 2022 में अदालत का दरवाजा खटखटाया। अपनी याचिका में उन्होंने दलील दी थी कि यह 'सबसे भयानक अपराधों में से एक था।' एक विशेष समुदाय के प्रति नफरत से प्रेरित अत्यधिक अमानवीय हिंसा और क्रूरता थी। बिलकिस के अलावा सीपीआई (एम) नेता सुभाषिनी अली, स्वतंत्र पत्रकार रेवती लौल और लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा और निष्कासित टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी दोषियों को दी गई छूट के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि अगस्त 2022 में दोषियों को रिहा करने का आदेश मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और पक्षपातपूर्ण था। इसके उलट, दोषियों ने दावा किया था कि एक बार जेल से रिहा होने के बाद संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिकाओं के मद्देनजर उनकी स्वतंत्रता को प्रभावित नहीं किया जा सकता और न ही इसमें हस्तक्षेप किया जा सकता है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत भी पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं की सीमित भूमिका होती है। एक बार सजा सुनाए जाने के बाद पीड़ित की भूमिका समाप्त हो जाती है। दोषियों ने यह भी दलील दी थी कि उन्हें केवल इस आधार पर सजा में छूट का लाभ देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि अपराध जघन्य था।

गुजरात सरकार का तर्क था कि उसने शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ के 13 मई 2022 के फैसले के आधार पर और 15 साल जेल की सजा काटने के बाद 11 दोषियों को छूट दी थी। सरकार ने कहा था कि गुजरात की 1992 की छूट नीति के सभी अनुपालन कानूनी रूप से और उचित प्रक्रिया के साथ किए गए थे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने जानना चाहा था कि छूट की नीति चुनिंदा तरीके से क्यों लागू की जा रही है। सुधार का अवसर प्रत्येक दोषी को दिया जाना चाहिए, कुछ को नहीं। पीठ ने पूछा था कि सवाल यह है कि सामूहिक रूप से नहीं, बल्कि कहां पात्र हैं। क्या 14 साल के बाद उम्रकैद की सजा पाने वाले सभी दोषियों को छूट का लाभ दिया जा रहा है।

## कोई खाई में गिरा, कोई नदी में बहा...वाहन ट्रायल के दौरान हुए हादसा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की चीला रेज में इंटरसेप्टर वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से पार्क प्रशासन के दो अधिकारियों सहित चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पार्क की वन्य जीव प्रतिपालक चीला नहर में गिर कर लापता हो गई है। वहीं घटना में पांच अन्य लोग घायल हैं। जिनको उपचार के लिए एम्स में भर्ती किया गया है।

सोमवार शाम करीब पांच बजे पार्क के चीला रेंज में एक इंटरसेप्टर वाहन का ट्रायल किया जा रहा था। पार्क प्रशासन को वाहन पेट्रोलिंग व जानवरों के रेस्क्यू के लिए मिला था। ट्रायल के लिए वाहन में वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी, वन क्षेत्राधिकारी शैलेश घिल्डियाल, उपवन क्षेत्राधिकारी प्रमोद ध्यानी, चिकित्सक राकेश नौटियाल के अलावा कुलराज सिंह, हिमांशु गोसाई, सैफ अली खान, अंकुश, अमित सेमवाल व





अश्विन बीजू सवार थे। बताया जा रहा है कि वाहन चीला से ऋषिकेश की ओर आ रहा था।चीला विद्युत गृह से कुछ आगे अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया। और बाद में चीला शक्ति नहर के पैराफिट से जा टकराया। पेड़ से टकराने के दौरान कुछ लोग छिटक कर खाई में जा गिरे।

## बर्फ से ढके रहने वाले क्षेत्रों में पहली बार नजर आ रहे हैं सूखे पहाड़

**पिथौरागढ़।** जनवरी में बर्फ से ढ़के रहने वाले उच्च हिमालय के पहाड़ इस बार सूखे नजर आ रहे हैं। पहली बार नवंबर से अब तक उच्च हिमालयी क्षेत्र से लगे इलाकों में इस तरह के हालात नजर आ रहे हैं। पिछले साल तक इन क्षेत्रों में तीन से चार फीट तक बर्फ पड़ जाती थी। मौसम का यह परिवर्तन स्थानीय लोगों को भी हैरान कर रहा है। जनवरी का पहला सप्ताह बीत गया है।

उच्च हिमालय से लगे इलाकों में एक बार भी मौसम मेहरबान नहीं हुआ है। 15 नवंबर 2022 से लेकर 1 दिसंबर 2023 तक के बीच 4 बार हल्की बर्फबारी हुई । हिमाच्छादित रहने वाले क्षेत्र मिलन,रालम,नित्वाल्थौड, लास्पा,छिपला केदार में बर्फबारी नहीं हुई है। स्थिति यह है कि समद्र सतह से 10 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्र में जहां चार फीट से अधिक बर्फ रहती थी वहां बर्फबारी नहीं होने से पूरी तरह से सूखे पहाड़ नजर आ रहे हैं। पिछले साल जनवरी पहले सप्ताह तक इन क्षेत्रों में 25 बार बर्फबारी हो गई थी।

इस तरह अब मौसममें यह बदलाव हिमालयी जन जीवन के साथ खेती व बागवानी को भी प्रभावित करेगा। इस सीजन में कम बर्फबारी हुई तो इससे ग्रीष्म काल में नदियों का जल प्रवाह भी कम होगा। जिससे मैदानी क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित होगी।

## उत्तरकाशी में मुख्यमंत्री के रोड शो में सड़कों पर उतरा जनसैलाब

### मुख्यमंत्री ने किया 291 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तरकाशी जिला मुख्यालय पर रोड–शो किया, तो जन–सैलाब सड़कों पर उमड़ आया। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित हजारों महिलाओं ने सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस आयोजन के जरिए जहां लोगों ने उत्तरकाशी जिले की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरओं के विविध रूप–रंगों का साक्षात्कार किया वहीं यह आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण और जिले के विकास के लिए भी अत्यधिक महतपूर्ण साबित हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं के 'दीदी–भुली महोत्सव' में शिरकत करने के साथ ही रू. 291 करोड़ से अधिक लागत की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। जिनमें रू. 189 करोड़ की लागत से यूजेवीएन लिमिटेड के तिलोथ विद्युतगृह के नवीनीकरण, उच्चीकरण एवं पुनरोद्धार (आर.एम.यू.) कार्य का लोकार्पण भी सम्मिलित है।

महिला सशक्तिकरण को समर्पित 'दीदी–भुली महोत्सव' में प्रतिभाग करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उत्तरकाशी पहुॅचने पर पेट्रोल पंप–बस स्टैंड से लेकर भटवाड़ी रोड, भैरव चौक, कोर्ट रोड, हनुमान चौक होते हुए रामलीला मैदान



तक रोड–शो आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बाड़ाहाट क्षेत्र के आराध्य कंडार देवता को भी शीश नवाया और माँ शक्ति और बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य व देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की। डेढ कि.मी. से अधिक दूरी तक आयोजित इस रोड–शो में नगरवासियों के साथ ही जिले के कोने–कोने से आये लोगों ने फूलों की वर्षा कर मुख्यमंत्री का हर्षोल्लास के साथ भव्य स्वागत किया। रोड शो में पारंपरिक पहनावों से सजी ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं के जत्थे और लोक–कलाकारों की सांस्कृतिक झांकी आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहे। ढोल–दमाऊ व रंणसिंगे जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों से रोड–शो में हर कोई झूमता–थिरकता नजर आया।

मुख्यमंत्री के आगमन पर उत्तरकाशी जिले का समृद्ध सांस्कृतिक वैभव अपने अद्भुत अंदाज में सड़क पर उमड़ आया। मुख्यमंत्री श्री धामी उत्तरकाशी के इस अनूठे सांस्कृतिक वैविध्य से अभिभूत नजर आए और उन्होंने खुद आम लोगों व कलाकारों पर फूल बरसाते हुए परंपराओं के प्रति अपने अनुराग को अभिव्यक्त भी किया। रोड–शो संपन्न होने पर मुख्यमंत्री ने रामलीला मैदान में बद्री गाय की पूजा अर्चना कर 'विकसित भारत विकसित ग्राम' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी स्टॉलो का निरीक्षण करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया और विभिन्न योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 'वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट' नेशन अवार्ड में देश में दूसरे स्थान का सम्मान पाने वाले लाल धान की जानकारी ली। महिला किसानों ने मुख्यमंत्री को लाल धान की बाली भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गिंज्याली (मूसल) थामकर पारंपरिक ओखली में महिलाओं के साथ लाल धान की कुटाई की तथा लाल धान के चिवड़ा बनाने की जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डुंडा और बगोरी क्षेत्र के पारंपरिक ऊन उत्पादकों से भेंट कर ऊनी ऊन बुनाई व कताई के बारे में जानकारी ली और चरखा भी चलाया। मुख्यमंत्री ने ऊन की कताई कर पारंपरिक ऊनी वस्त्रों को बढ़ावा देने का संदेश दिया मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रू. 291 करोड़ 75 लाख की लागत की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। जिनमे उत्तरकाशी जिले के विकास से जुड़ी रू. 57 करोड़ 38 लाख की लागत की 24 योजनाओं का शिलान्यास तथा 45 करोड़ 37 लाख की लागत की 38 योजनाओं का लोकार्पण तथा रू. 189 करोड़ की लागत के यूजेवीएन लिमिटेड के तिलोथ विद्युतगृह के नवीनीकरण, उच्चीकरण एवं पुनरोद्धार (आर.एम.यू.) कार्यों का लोकार्पण भी सम्मिलित है।

# राज्यपाल ने किया हिम ज्योति स्कूल के मध्य विंग का उद्घाटन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को हिम ज्योति स्कूल के मध्य विंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हिम ज्योति स्कूल समाज के भावी पीढ़ी और राष्ट्र के गौरवान्वित नागरिकों के लिए शिक्षा का एक अनुकरणीय मॉडल है।

मध्य विंग के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हम यहाँ एक साझा सोच, विचार और धारणा के साथ आए हैं कि शिक्षा मौलिक अधिकार के साथ ही, विशेषकर हमारे देश में लड़कियों और वंचित समुदायों के लिए प्रगति की आधारशिला भी है। आज हम यहां हिम ज्योति स्कूल के एक नए अध्याय की दहलीज पर खड़े हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज खासकर उन लोगों के लिए जो विषम परिस्थितियों से लड़कर तमाम बाधाओं को पार करते हुए शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल हो पाते हैं, उनके विषय में गहन मंथन किया जाना चाहिए। छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जैसे ही आप इन नई कक्षाओं में कदम रखते हैं, पहचानें कि शिक्षा अवसरों की दुनिया के लिए आपका पासपोर्ट है। उन्होंने कहा कि आज का उद्घाटन इस बात का प्रमाण है कि आपके अच्छे भविष्य के लिए और अधिक दरवाजे खुल रहे हैं, अधिक



सपने उड़ान भर रहे हैं, और अधिक भविष्य आकार ले रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि आप भारत के विश्व गुरु बनने के सफर के ध्वजवाहक यानी पथ-प्रदर्शक हैं। आज अगर हमें फिर से भारत को विश्व गुरु बनाना है, तो अपनी संस्कृति, अपने मूल्यों और अपनी जड़ों से जुड़ना होगा। अपने राष्ट्र के ज्ञान-विज्ञान की महान परंपरा पर न सिर्फ गर्व करना होगा, बल्कि वर्तमान संदर्भ में उनका फिर से अनुसंधान कर, उन मूल्यों को फिर से स्थापित करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड के दिवंगत राज्यपाल, श्री सुदर्शन अग्रवाल ने एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान की कल्पना की थी जो इन बाधाओं को तोड़ देगा, हमारे राज्य की वंचित लड़कियों के लिए सीखने का आश्रय प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि आज, हम उस दृष्टिकोण के मूर्त रूप का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। एक ऐसी संस्था जो उन लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि समाज में प्रगति, खुशहाली और समरसता के लिए शिक्षा सबका अधिकार है और खुशी की बात है कि हिम ज्योति स्कूल का आज का विस्तार इस सिद्धांत को बढ़ावा दे रहा है। इस स्कूल के मध्य विंग का उद्घाटन न केवल भौतिक संसाधन में वृद्धि का प्रतीक है, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वंचित परिवारों की अधिक से अधिक लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का विस्तार है।

राज्यपाल ने कहा कि इस उद्घाटन को केवल ईंटों और गारे का नहीं बल्कि शिक्षा की स्थायी शक्ति का उत्सव माना जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि हिम ज्योति स्कूल का मध्य विंग नई आशा, महिला सशक्तिकरण और समान अवसर का प्रतीक बना रहेगा। आप जब शिक्षा प्राप्त करके सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ना शुरू करें तो अपने किसी गरीब, वंचित साथी को पीछे मत छोड़िये बल्कि उसकी सहायता कर उसे आगे बढ़ाने का प्रयास भी करिए।

राज्यपाल ने कहा कि बालिका शिक्षा आज परिवार और समाज के विकास की एक धुरी है। लड़कियों की शिक्षा में निवेश परिवार, देश और पूरी दुनिया को बदल सकता है। शिक्षित होकर लड़कियाँ सक्षम तरीके से कार्यबल में शामिल हो सकेंगी, आजीविका कमा सकेंगी, अपने परिवार की देखभाल कर सकेंगी। इस तरह वे अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य के निर्माण के साथ ही देश के विकास में अहम योगदान दे सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमें यह ध्यान में रखना होगा कि आज के बच्चे ही कल के भारत के निर्माता एवं कर्णधार हैं। हमारे लिए समाज का प्रत्येक बच्चा महत्वपूर्ण है और उसके सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हम सब की है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि सुविधाहीन बच्चों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। राज्यपाल ने कहा कि परिवार, समुदाय, देश, समाज, राष्ट्र ये सब हमारे जीवन के हिस्से हैं, हमारी प्रेरणा के स्रोत भी हैं। इसलिए इनके विकास में योगदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक देश को विश्व गुरु, नंबर एक अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने के लिए आप सभी से अपना अधिकतम योगदान देने की अपील की।

इस अवसर पर हिमालयन स्कूल सोसाइटी के गवर्निंग बॉडी के सचिव श्री राजीव अग्रवाल ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बदरीनाथ हाईवे पर बोल्डर आने से मार्ग अवरूद्ध

चमोली। राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना गोविंदघाट क्षेत्रान्तर्गत टैय्या पुल के पास चट्टान टूटने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है। सोमवार की सुबह अचानक चट्टान से बड़े बोल्डर भर भराकर सड़क पर आ गये। शीतकाल में बद्रीनाथ के कपाट बंद होने के कारण आज कल सड़क चौड़ीकरण का कार्य जोरो पर चल रहा है।

सोमवार को अचानक पहाड़ी से चट्टान टूटी। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सड़क खोलने का कार्य किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया अवरुद्ध मार्ग को खोलने के लिये मशीनों से तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### लोहबा रेंज ने किया कंट्रोल वर्निंग प्रारंभ

चमोली। क्षेत्र में लम्बे समय से बारिश न होने तथा जंगलों में आग से निपटने के लिए लोहबा रेंज ने अपने जंगलों में कंट्रोल वर्निंग का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिससे जंगलों में आग लगने की संभावनाएं कम हो जायेगी तथा आग लगने पर काबू किया जा सके। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के लोहबा रेंज के रेंजर प्रदीप गौड़ ने बताया कि इस बार बारिश न होने और जंगलों में नमी कम होने के कारण आग लगने पर वह तेजी से फैलती है। उसी को देखते हुये संवेदनशील स्थानों पर विभाग ने कंट्रोल वर्निंग कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### सीएम को भेजा 4 सूत्रीय ज्ञापन

चमोली( । खंसर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को 4 सूत्रीय ज्ञापन तहसील पेश-ाकार देवी प्रसाद के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। ज्ञापन में बीएमबी मोटर मार्ग को कस्बीनगर (थराली) तक मिलाने, माईथान -चौखुटिया मोटर मार्ग पर हॉट मिक्स करने, सीएचसी माईथान में चिकित्सक की नियुक्ति करने, पत्थर कट्टा निर्माणाधी मोटर मार्ग को बीएमबी मोटर मार्ग के किमी 50 पर मिलाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में समस्या का समाधान न होने की स्थिति में 5 फरवरी से अनशन करने की बात लिखी गई है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिपंस एवं भाजपा नेता खिलाफ सिंह गुसांईं,पूर्व प्रधान देवपुरी कुंवर सिंह नेगी, पूर्व क्षेपंस एवं राज्य आंदोलनकारी हरेन्द्र कंडारी, पूर्व क्षेपंस कुंवर सिंह नेगी, पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति माईथान भवान सिंह रावत एवं बार संघ अध्यक्ष कुंवर सिंह बिष्ट शामिल रहे।

# 167 रिक्रूट आरक्षी बनी उत्तराखंड पुलिस का हिस्सा



हरिद्वार।पुलिस लाइन रोशनाबाद हरिद्वार स्थित परेड़ ग्राउंड में 167 महिला आरक्षियों की पासआउट सेरेमनी आयोजित की गई। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह के हाथों पुष्प गुच्छ प्राप्त करने के पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बनी आईजी फायर सर्विस नीरू गर्ग द्वारा अपना पदभार ग्रहण करने के पश्चात परेड़ का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात महिला रिक्रूट्स की टोली ने शानदार ड्रिल का प्रदर्शन कर मंच में खड़े मुख्य अतिथि को सलामी दी।

मुख्य अतिथि ने रिक्रूट्स कांस्टेबल को शपथ दिलाने के पश्चात उन्हे बधाई देते हुए देश सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस लाइन हरिद्वार को 200 महिला रिक्रूट्स के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई थी जिनमें से अन्य परीक्षा (पटवारी, वीडिओ इत्यादि) उत्तीर्ण करने एवं अन्य कारणों से 33 चयनित अभ्यर्थी उक्त प्रशिक्षण का हिस्सा नही बनी। शेष 167 महिला आरक्षियों द्वारा 06 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकुशल समस्त टेस्ट पास किए।15 जून 2023 से शुरु हुए इस प्रशिक्षण के दौरान फ्क्र प्रशिक्षण अनिता गैरोला के नेतृत्व में 34 कळ.क व ढ.ळ.क व अन्य स्टाफ द्वारा महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### औली चियर लिफ्ट में जीएमवीएन और आईटीबीपी ने संयुक्त रैस्क्यू अभ्यास किया

चमोली। औली चियर लिफ्ट में सोमवार को दोपहर बाद जीएमवीएन और आईटीबीपी की टीम ने संयुक्त रैस्क्यू अभ्यास किया। रोपवे चियर लिफ्ट के प्रबंधक दिनेश भट्ट एवं आईटीबीपी सुनील के कमांडैंट विजय कुमार के संयुक्त नेतृत्व में 20 से अधिक लोगों ने 3 घंटे से अधिक समय तक यह रैस्क्यू अभ्यास किया। जीएमवीएन रोपवे चियर लिफ्ट के प्रबंधक दिनेश भट्ट ने बताया कि सर्दियों की दस्तक के साथ ही औली में पर्यटकों की संख्या बढने लगी है जिस कारण से भारी तादात में पर्यटक औली पहुंचकर चियर लिफ्ट में बैठकर औली की वादियों का दीदार कर रहे हैं।

कहा कि इस संयुक्त रैस्क्यू अभ्यास का मुख्य उद्देश्य चियर लिफ्ट संचालन में लगे कर्मचारियों को ट्रेनिंग देना था कि यदि चियर लिफ्ट में पर्यटक बैठा है व चियर लिफ्ट बंद हो जाती है या फंस जाती है तो ऐसे में पर्यटकों को कैसे सुरक्षित हवा से नीचे सकुशल लाया जा सकता है। बताया कि आईटीबीपी के दक्ष ट्रेनरों के सहयोग से यह कार्यशाला संपन्न हुई।

# चमोली में 128 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

चमोली। उत्तराखंड चिकित्सा स्वास्थ्य सशक्तिकरण अभियान के तहत सोमवार को गौचर डायट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए 128 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति वर्षवार कर जहां स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। वहीं वर्षों से नियुक्ति का इंतजार कर रहे प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही नर्सिंग, वार्ड ब्वाय, तकनीशियन सहित विभिन्न पदों पर 11 हजार से अधिक नियुक्तियां की जाएगी। जनपद चमोली में नर्सिंग के पदों पर शत प्रतिशत तैनाती कर



दी गई है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए महिला बेस चिकित्सालय में 100 बेड के साथ संचालन की स्वीकृति दी गई है।

जिले के दूरस्थ क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों को उच्चीकृत किया गया है। जनपद में चिकित्सकों के स्वीकृत पदों से अधिक चिकित्सकों को तैनात किया गया हैं। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है और जल्द ही एमआरआई शुरू की जाएगी। उप जिला चिकित्सालयों में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी। इससे गर्भवती महिलाओं व मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा घर के पास ही मिल सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिकित्सकों की सुविधाओं के लिए जनपद के गौचर, गैरसैंण, नंदा नगर, चमोली, बद्रीनाथ व गोपेश्वर में आवासीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। वर्ष 2026 तक जनपद में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को भी दूर किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल और थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने नियुक्ति प्राप्त करने वाले सभी नर्सिंग अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्य निष्ठा से जनता को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने की बात कही। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, एसीएमओ डॉ एमएस खाती, डा उमा रावत, डा वीपी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, निवर्तमान जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष गजेंद्र रावत, ब्लॉक प्रमुख चंद्रेश्वरी देवी, राजेश कपरवान, महेश देवराडी, उदय रावत आदि मौजूद थे।

# शोपीस बनी लाखों की सुरक्षा दीवार, आबादी में पहुंच रहे जंगली जानवर

## अक्षत कलश यात्रा निकाली, लगाए जय श्री राम के नारे

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल बाजार में क्षेत्र की महिलाओं द्वारा सोमवार को तीलू रौतेली मूर्ति से लेकर भारतीय स्टेट बैंक बीरोंखाल तक अक्षत कलश यात्रा निकालकर जय-जय श्रीराम के नारे लगाएं। संघ चालक द्वारा अयोध्या से लाई हुई राम मंदिर की फोटो देकर लोगों को अयोध्या में पहुंचने के लिए निमंत्रण पत्र भी दिया। संघ चालक डा. रमेश भदुला ने बताया कि सोमवार को डुमैला मल्ला, तल्ला, रगड़ीगाड, नाकुरी, घोडियाना, सिसई आदि ग्राम सभाओं की बड़ी संख्या में पहुंची महिला मंगलदलों द्वारा तीलू रौतेली मूर्ति से लेकर बीरोंखाल बाजार में अक्षत कलश यात्रा निकाल कर लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे राम जन्मभूमि नवनिर्मित मंदिर दर्शन करने हेतु निमंत्रण पत्र दिए। उन्होंने महिला मंगल दलों को अयोध्या से पहुंचे हुए चावलों को प्रत्येक घर तक चावल पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर संघ चालक डा. रमेश भदुला, जिला प्रचारक नरेश, विभाग प्रचारक राहुल आदि मौजूद थे।

## लिखित परीक्षा से हो असिस्टेंड प्रोफेसर की भर्ती

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने उच्च शिक्षा विभाग में असिस्टेंड प्रोफेसर (सहायक प्रध्यापक) की भर्ती लिखित परीक्षा से करवाने की मांग की है। कहा कि युवाओं के हित में सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। आयोजित बैठक में संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुडी ने कहा कि उच्च शिक्षा में सहायक प्रध्यापकों की भर्ती एपीआई से की जा रही है। जिसमें अभ्यर्थी पहले ही शार्ट लिस्ट किया जा रहे हैं। इससे उत्तराखंड में नेट सेट उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को बहुत कम अवसर मिलेगा। कहा कि विज्ञप्ति जारी कर लिखित परीक्षा से सहायक प्राध्यापकों का चयन किया जाना चाहिए। इस मौके पर नवीन गौड़, मोहित ठाकुर, सुमित पंत, श्वेता चौधरी, शिखा चौधरी, ममता असवाल, प्रदीप नेगी, महेंद्र कुमार, साहिल कुमार, रोशनी बड़ोला आदि मौजूद रहे।

## मोटाढांग व ड्रमी-11 की टीम का दिखा जलवा

**कोटद्वार** : शहीद मुकेश बिष्ट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को मोटाढांक क्लब व ड्रमी-11 का जलवा देखने को मिला। इस दौरान क्रिकेट देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सोमवार का पहला मुकाबला आर्क क्रिकेट क्लब व मोटाढांक के बीच खेला गया। जिसमें मोटाढांक ने टास जीतकर आर्क किक्रेट क्लब को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। खिलाड़ी मोहित व कार्तिक की बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने दस ओवर में 80 रनों का लक्ष्य दिया। मोटाढांक की टीम ने गौरव व विकास की बेहतर पारी की बदौलत पांच ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दूसरा मुकाबला चाईना टाउन राज क्लब व ड्रीम-11 के बीच खेला गया। जिसमें चाईना टाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में मात्र 55 रन ही बनाए। जवाब में ड्रीम-11 ने तीन ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस मौके पर भाजपा नेत्री अनीता आर्य, तरूण ईष्टवाल आदि मौजूद रहे।

## नशा व्यक्ति की सोचने और समझने की शक्ति को करता है क्षीण

**सतपुली** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने नौगांव में संचालित नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। नशा छोड़ने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में इलाज कराने के लिए आए लोगों से बातचीत की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव ने कहा कि नशे से न केवल व्यक्ति को स्वास्थ्य और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है बल्कि समाज में उसकी प्रतिष्ठा भी कम होती है। नशा व्यक्ति के सोचने और समझने की शक्ति को क्षीण कर देता है और वह सामान्य व्यक्ति की तुलना में अपने परिवार की जिम्मेदारियों पर ध्यान देने की बजाए नशा प्राप्त करने की ललक में ही जीवन बर्बाद करता रहता है। इस अवसर पर पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी आशीष डौंडियाल, नशा मुक्ति केंद्र के संचालक कृष्ण बौंठियाल आदि शामिल रहे।

### सनेह क्षेत्र में जंगली जानवरों को रोकने के लिए बनाई गई थी सुरक्षा दीवार

**कोटद्वार** : सनेह की आबादी में जंगली जानवरों की धमक रोकने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार केवल शोपीस बन चुकी है। हालत यह है कि क्षतिग्रस्त व बोनी हो चुकी दीवारों को लांघकर हाथी आए दिन आबादी में पहुंच रहा है। शिकायत के बाद भी वन विभाग समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। ऐसे में कब वन्य जीव संघर्ष हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

सनेह, कुंभीचौड़ व रामपुर का अधिकांश भाग लैंसडौन वन प्रभाग से सटा हुआ है। नतीजा आए दिन जंगली जानवर आबादी में पहुंच रहे हैं। आबादी में जंगली जानवरों की धमक को रोकने के लिए क्षेत्र में लाखों की लागत से सुरक्षा दीवार व फेंसिंग लाइन भी बिछाई गई थी। लेकिन, वर्तमान में यह भी केवल शोपीस बनी हुई है। दरसल, जंगल की ओर से दीवार में मिट्टी की टीले लगे हुए हैं। जिसे लांघकर हाथी आसानी से आबादी में पहुंच जाता है। सोमवार रात भी एक हाथी सनेह रोड में घूमता हुआ नजर आया। ऐसे में करीब आधे घंटे तक वाहन चालक हाथी के वापस जंगल में लौटने का इंतजार करते रहें।



कोटद्वार के सनेह क्षेत्र में हाथी द्वारा तोड़ी गई हाथी सुरक्षा दीवार

### खराब पड़ी हैं स्ट्रीट लाइट

सनेह क्षेत्र में जंगल के आसपास लगी स्ट्रीट लाइट पिछले कई माह से खराब पड़ी हुई है। नतीजा शाम ढलते ही सड़क पर पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। जिससे जंगली जानवरों का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। क्षेत्रवासी स्ट्रीट लाइट ठीक करवाने के लिए कई बार नगर निगम से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में कब हादसा हो जाए, कहा नहीं जा सकता।

# जीवन जीने का तरीका बताता है एनएसएस



आयोजित शिविर में भाग लेते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के एनएसएस शिविर में स्वयं सेवियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान शिविर में मिलने वाली जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की गई। कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

ग्राम पालकोट में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अभिभावक संघ के अध्यक्ष कीरत सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंध समिति की अध्यक्षा सोनिया देवी व प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने स्वयं सेवियों को रासेयो के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कहा कि सात दिवसीय शिविर के दौरान गांव के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में रैली निकालकर ग्रामीणों को नशे के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। कहा कि रासेयो विद्यार्थियों को बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

शिविर में मिलने वाली जानकारियों को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। रासेयो के सहायक प्रभारी प्रकाश चंद्र कैंथोला ने स्वयं सेवियों को जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नीरज रमोला, मनवर सिंह चौहान, प्रेम सिंह, सतेंद्र रावत, यशपाल रमोला, जयेन्द्र सिंह, सुजल राणा, प्रियांशु, अमन सिंह आदि मौजूद रहे।

## कोटद्वार में जल्द बनाया जाएं मेडिकल कॉलेज

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड विकास समिति ने कोटद्वार में अविलंब मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग की है। कहा कि घोषणा के बाद भी कॉलेज निर्माण कार्य आरंभ न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस संबध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में समिति के सदस्यों ने कहा है कि कोटद्वार के लिए स्वीकृत विकास कार्यों का धरातल पर न उतर पाना जन प्रतिनिधियों में इच्छा शक्ति की कमी को दर्शाता है। कहा कि माह सितंबर 2023 में प्रदेश सरकार के चिकित्सा सचिव ने कोटद्वार आकर मेडिकल कॉलेज निर्माण के चयनित लछमपुर पट्टी हल्दूखाता का निरीक्षण कर मेडिकल कॉलेज शीघ्र निर्माण करने की बात कही थी। इस संबंध में जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश भी दे दिए गए थे, लेकिन चार माह बाद भी अभी तक कार्य आरंभ नहीं हो पाया है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अविलंब इस ओर ध्यान देने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला, उपाध्यक्ष शशि मोहन उनियाल, सचिव विपुल उनियाल और उप सचिव दुर्गा प्रसाद आदि शामिल थे।

## अंकिता भंडारी की दादी नहीं रही

**पौड़ी** : पौड़ी के डोभ श्रीकोट निवासी मृतक अंकिता भंडारी की दादी का निधन हो गया। अंकिता की दादी शक्ति देवी 84 साल की थी और लंबे समय से बीमार चल रही थी। सोमवार को श्रीनगर अलकनंदा नदी तट के पैतृक घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे वीरेंद्र भंडारी ने मुखाग्नि दी। वीरेंद्र भंडारी ने बताया कि अंकिता का अपनी दादी के साथ काफी लगाव था। वह अक्सर दादी के साथ ही रहती थी, लेकिन दादी को दु:ख था कि वह अपने जीते जी पोती की हत्या के आरोपितों को सजा पाते नहीं देख पाई। कहा कि उनकी मां बीमार चल रही थी। साथ ही कहा कि आशुतोष नेगी के खिलाफ हो रहे अन्याय के विरोध में सोमवार से ही धरना भी प्रस्तावित था। जिसे मां के निधन के चलते फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। मांग भी कि सरकार को आशुतोष नेगी के विरुद्ध दर्ज केस को वापस लेने के साथ ही उनकी पत्नी का तबादला भी निरस्त करना चाहिए।

## नगर व्यापार मंडल इकाई भंग

**कोटद्वार** : प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर कोटद्वार नगर व्यापार मंडल इकाई को भंग कर दिया गया है। शीघ्र ही इकाई की नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी। यह जानकारी इकाई के निवर्तमान महामंत्री लाजपत राय भाटिया ने दी।

# पुण्यतिथि पर डा. मंगलदेव ध्यानी को किया याद




चंद्रप्रकाश नैथानी को सम्मानित करते ट्रस्ट के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से डा. मंगलदेव ध्यानी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों ने डा. मंगलदेव ध्यानी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कहा कि समाज सेवा में दिए गए ध्यानी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान सामाजिक कार्यों के लिए चंद्रप्रकाश नैथानी को सम्मानित किया गया।

जयानंद भारतीय पुस्तकालय सिम्मलचौड़ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि डा. ध्यानी ने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। वह भाबर में गंग नहर लाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहे।

उन्होंने चरेख में जड़ीबूटी शोध संस्थान की स्थापना करवाने के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने वंचित वर्ग में शिक्षा के विस्तार के लिए भी कार्य किया। इस दौरान चंद्रप्रकाश नैथानी को डा. मंगलदेव ध्यानी स्मृति सम्मान-2024 दिया गया। इस मौके भानु प्रकाश बलोदी, शूरवीर सिंह खेतवाल, गोविंद डंडरियाल, विकास आर्य, लक्ष्मी देवी, ओमप्रकाश कोटला, अमेरिका सिंह, जगदीश राठी, अनिल ध्यानी, ओमप्रकाश बड़थ्वाल, बीर सिंह, बचन सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**श्रीनगर गढ़वाल** : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गढ़वाल क्षेत्र के दो दिवसीय भ्रमण के दौरान श्रीनगर में होने वाले विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। सोमवार को श्रीनगर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने स्व. बिपिन रावत स्टेडियम के लिए बन रहे मार्ग, स्वीत में बन रहे हैलीपैड और पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद डॉ. धन सिंह रावत ने दिखोलूं के बूथ नंबर 133 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे दीवार लेखन कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को 2024 लोकसभा चुनाव में अभी से जुट जाने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास कुकरेती, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर जोशी, उद्योग व्यापार सभा जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, कुशलानाथ, मंडल महामंत्री संजय गुप्ता सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## फुटबॉल प्रतियोगिता 10 से

**पौड़ी** : बीरोंखाल ब्लॉक के डुमैला मल्ला खेल मैदान में 10 जनवरी को 50 वीं दीवा चल शिल्ड फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू होगी। दीवा चल शील्ड फुटबॉट खेल समिति अध्यक्ष शैलेश बिष्ट ने बताया कि सभी युवा मंगल दल, खेलप्रेमी अपनी टीम इंट्री प्रमोद नेगी के पास जमा करवा दें।

## स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोटद्वार** : रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर के सातवें दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने योगाभ्यास भी किया। तीसरे दिन सबसे पहले विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम अधिकारी राजन शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया। कहा कि स्वस्थ शरीर पाने के लिए हमें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए आम जन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर सुमित रावत, महिमा गुसाईं, अर्चना आदि मौजूद रहे।

# पीएम 15 जनवरी को बोक्सा जनजाति के लाभार्थियों से करेंगे संवाद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : प्रधानमंत्री पीएम-जनमन के तहत बोक्सा जनजाति के लाभार्थियों के साथ आगामी 15 जनवरी को वर्चुअल संवाद करेंगे। भारत सरकार द्वारा कोटद्वार के अंतर्गत हल्दूखाता मल्ला व लच्छमपुर को चयनित किया है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बोक्सा जनजाति क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बोक्सा क्षेत्र में सर्वे करते हुए वहां केंद्र सरकार की योजनाओं से हुए लाभान्वित परिवारों व जो परिवार योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं उनकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएं। जिससे वंचित रह गये परिवारों को



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिककारियों को निर्देश देते हुए।

योजनाओं से लाभावित किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 जनवरी को कोटद्वार के हल्दूखाता मल्ला व लच्छमपुर में जनमन के तहत प्रधानमंत्री बोक्सा जनजाति के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल का चयन करते हुए वहां एलईडी, विघुत व्यवस्था, पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने ग्राम विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, विद्युत सहित अन्य विभागों को बोक्सा जनजाति के लोगों को केंद्र की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में बताया कि भारत सरकार द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल के बोक्सा जनजाति क्षेत्र कोटद्वार तहसील अंतर्गत हल्दूखाता मल्ला व लच्छमपुर को चयनित किया गया है।

2011 जनगणना के अनुसार हल्दूखाता मल्ला में 40 परिवार के 242 सदस्य व लच्छमपुर में 45 परिवारों के 218 सदस्य निवासरत हैं। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश चंद्र गौड़, मुख्य कृषि अधिकारी अश्विन गौतम, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद उनियाल, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। इस दौरान विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शिविर समापन के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्र-छात्राओं में नैतिक गुणों का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना बच्चों को बेहतर जीवन जीने का तरीका बताता है। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत अभियान, स्पर्श गंगा जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई है। शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवियों को सम्मानित भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिना द्वारा हिमाचली नृत्य, रितिका नीलम, अमृता, साक्षी द्वारा सामूहिक नृत्य, सौरभ, आलोक, रोहित, शुभम द्वारा जागर प्रस्तुत




शिविर के समापन पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं

किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य बीएस नेगी, कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद बड़ोला, राकेश काला, राजेंद्र गुसाईं, राकेश खंडूडी आदि मौजूद रहे।

## गोदियाल हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के समन्वयक नियुक्त

**जयन्त प्रतिनिधि**

**श्रीनगर गढ़वाल** : कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड की पांचों लोकसभा क्षेत्र से समन्वयक नियुक्त कर जिम्मेदारी दे दी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से समन्वयक नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए पांचों सीट पर कांग्रेस के जीत का दावा किया है।

खुशी व्यक्त करने वालों में पूर्व नगर अध्यक्ष व पीसीसी सदस्य बीरेंद्र सिंह नेगी, नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, पूर्व नगर अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह पुण्डीर, मीडिया प्रभारी लाल सिंह नेगी, निवर्तमान सभासद संजय फौजी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद मैठाणी, परवेज अहमद, वाईएस पंवार, उम्मेद सिंह मेहरा, शिव लाल, राजेश्वरी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं। (एजेंसी)

# शिक्षक जगदीश राठी को मिला टीचर्स आइकल अवार्ड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शिक्षक जगदीश राठी को नया सेवरा टीचर्स आइकन अवार्ड मिलने का शैलशिल्पी विकास संगठन सहित अन्य संगठनों ने स्वागत किया है। यह अवार्ड रुडकी में डा. यादवेनाथ मैमोरियल ट्रस्ट रुड़की की ओर से शिक्षक जगदीश राठी को दिया गया।

जयहरीखाल प्रखंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कांडाखाल में तैनात जगदीश राठी को पद्मश्री डा. भूपेंद्र कुमार सिंह व वीरेंद्र रावत के कर कमलों से यह अवार्ड दिया गया। जगदीश राठी नवाचार के क्षेत्र में लगातार सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षण अभिरुचि को बढ़ाने में अपना सहयोग दे रहे हैं। इसके लिए, पूर्व में उन्हें डा. भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड, महाराजा अग्रसेन सम्मान, विवेकानंद एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से भी सम्मानित किया गया गया। कोटद्वार पहुंचने पर शैलशिल्पी विकास संगठन ने भी जगदीश राठी को सम्मानित किया गया। साथ ही प्राथमिक जूनियर माध्यमिक शिक्षक संगठन, अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक संगठन ने भी जगदीश राठी को सम्मान मिलने का स्वागत किया।



# डा. कपरवाण गुट का उक्रांद में विलय

**कोटद्वार** : डा. शक्तिशैल कपरवाण गुट का उत्तराखंड क्रांति दल में विलय हो गया है। इस दौरान पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पहाड़ की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। सोमवार को कोटद्वार पहुंचे उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूजण सिंह कठैत ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि पहाड़ के बेहतर विकास के लिए उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया था। लेकिन, सत्ता में आने वाले कांग्रेस व भाजपा के नेताओं ने केवल जनता का शोषण किया। उत्तराखंड विरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, अपराधीकरण के चरम शिखर पर पहुंच गया है। उत्तराखंड के निवासियों को भू-कानून, मूल निवास और जल जंगल जमीन संबधित अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में अब उक्रांद पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संघर्ष करने का निर्णय लिया है। डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि वह क्षेत्रीय पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत के साथ कार्य करेंगे। संगठन की मजबूती के लिए जल्द ही अभियान भी चलाया जाएगा। इस मौके पर जगदीश सिंह रावत, सत्यप्रकाश भारद्वाज, प्रवेश चंद्र नवानी, बिलास गौड़ आदि मौजूद रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में आकृति बिष्ट ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद् सभागार, पौड़ी में मेरा युवा भारत-विकसित भारत/2047 पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में आकृति बिष्ट प्रथम, कविता पंवार द्वितीय व ज्योति बलोदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिले स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। जिसके अंतर्गत राज्य स्तर पर प्रथम स्थान विजेता को एक लाख, द्वितीय स्थान को पचास हजार तथा तृतीय स्थान पर रहे दो विजेताओं को पच्चीस हजार रूपये की धनराशि का पुरूस्कार मिलेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपप्रभागीय वनाधिकारी गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी लक्की शाह ने भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए




नेहरू युवा केन्द्र एक बेहतर मंच प्रदान करता है। विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब प्रत्येक युवा नई सोच के साथ अपना योगदान इस मुहिम में देकर राष्ट्रीय विकास में सक्रिय रहें। जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने विकसित भारत की परिकल्पना को युवाओं के मध्य साझा करते हुए भारत सरकार दृष्टिकोण पर चर्चा की साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह तथा स्वीप कार्यक्रम की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस बी जी आर कैम्पस पौड़ी डॉ. नीलम नेगी ने कहा कि हम भारत को 2047 में एक विकसित देश बनते देखना चाहते हैं, जिसमें सभी नागरिकों की आवश्यकताओं जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु हम किसी दूसरे देश पर निर्भर न रहें। वहीं प्रधानाचार्य इण्टर कॉलेज परसुण्डाखाल डॉ. मदन मोहन नौडियाल ने कहा कि हम सभी भारतीय अगले 23 वर्ष की यात्रा के बाद आजादी की शताब्दी मनायेंगे और यह समय मेरा युवा भारत के सृजन का अमृतकाल होगा। निर्णायक की भूमिका में डॉ. नीलम नेगी, डॉ. मदन मोहन नौडियाल व राकेश रमन शुक्ला रहें। कार्यक्रम का संचालन अद्वैत बहुगुणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शालिनी पटवाल, सुधांशु नौडियाल, पारस रावत, ज्योति, आयुषी नेगी, प्रीती रावत, अभिलाषा, यशराज बिष्ट, अमित बर्तवाल, सोहन कुमार सहित अन्य युवा उपस्थित थे।

## कल्जीखाल कांग्रेस एक्टिव, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**पौड़ी** : कल्जीखाल ब्लॉक में कांग्रेस ने अपना कद मजबूत करने पर मंथन शुरू कर दिया कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने और आमजन तक पहुंचने की कोशिश तेज कर दी ज्वाल्पा धाम में कांग्रेस पार्टी बैठक में विकासखंड कल्जीखाल के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ रावत ने कमान संभालकर पूरी फिल्डिंग सजा दी है। हाल में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सहित कुछ नेता भाजपा का दामन थाम लिया था, लेकिन अब कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया और कल्जीखाल कांग्रेस पूरी तरह एक्टिव दिख रही है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तरीय मजबूती पर वक्ताओं ने जोर देते हुए पार्टी को मजबूत करने को कहा। ज्वाल्पा धाम में आयोजित बैठक में नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष रघुनाथ रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार रखते हुए सभी से संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

# 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाले कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के वेतन रोके जाय: जिलाधिकारी

**अल्मोड़ा(सं)।** जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में आज नवीन कलेक्ट्रेट में जनपद में संचालित जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति, अवशेष नई तथा पुनरीक्षित डीपीआर पर चर्चा एवं अनुमोदन के कार्यों की समीक्षा सम्बन्धित कार्यदाई सस्थाओं के अधिकारियों के साथ की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं के एफएचटीसी (कार्यात्मक घरेलू नल कनैक्शन) कार्य न्यून होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाले कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि 90 प्रतिशत से अधिक कार्य प्रगति आने पर ही वेतन आहरित किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता उत्तराखण्ड पेयजल निगम अल्मोड़ा नोडल जल जीवन मिशन के बार–बार बैठकों में उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन के बैठकों में उपस्थित न होने पर उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में इस योजना का कार्य अन्तिम चरण में है उस कार्य को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन स्तर पर इस योजना कार्यों की समय–समय पर मॉनिटरिंग की जाती है इसलिये सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना का कार्य तय समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने थर्ड पार्टी द्वारा जनपद में पेयजल योजनाओं का सत्यापन किया जा रहा है के कार्यों की समीक्षा सम्बन्धित विभागीय अधिकारी करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने पेयजल निगम अल्मोड़ा, रानीखेत, भिकियासैण, उत्तराखण्ड जल संस्थान अल्मोड़ा, रानीखेत एवं सिंचाई विभाग अल्मोड़ा द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्तमान में किये गये भौतिक कार्यों व अवशेष कार्यों समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि योजना के कार्यों में तेजी लाने के साथ ही कार्य को तय समय में पूर्ण किया जाय ताकि अधिक से अधिक लोगों इस योजना का लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, परियोजना निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।



## नगर निकायों की मतदाता सूची प्रकाशित,15 जनवरी तक जुड़वा सकते हैं नाम

**पिथौरागढ़(सं)।** अपर जिलाधिकारी जिला निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्थानीय निकाय डॉ. एसके बरनवाल ने बताया कि नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़, डीडीहाट, धारचूला, बेरीनाग एवं गंगोलीहाट नगर निकायों की वार्डवार निर्वाचन नामावली का प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचन नामावली अपर जिलाधिकारी कार्यालय, कार्यालय उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पिथौरागढ़, डीडीहाट, धारचूला, बेरीनाग एवं गंगोलीहाट के साथ ही कार्यालय तहसीलदार, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पिथौरागढ़, डीडीहाट, धारचूला, बेरीनाग एवं गंगोलीहाट तथा कार्यालय नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ में रखी गई है। डीडीहाट, धारचूला, बेरीनाग एवं गंगोलीहाट के साथ ही पंचास्थानी चुनावालय पिथौरागढ़ में भी यह आम लोगों के निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचन सूची में अपना नाम जुड़वाना चाहे या किसी प्रविष्टि को संशोधित करना चाहे वह निर्धारित प्रारूप में 9 जनवरी से दिनांक 15 जनवरी तक आवेदन कर सकता है।

## सरकारी नौकरी पाने की चाहत में 13 लाख गवाए

**पिथौरागढ़(सं)।** सीमांत में सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दो और लोगों से नौकरी के नाम पर 13लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के कासनी निवासी कुनाल भारती और नीरज भारती ने पुलिस में तहरीर दी है। उनका आरोप है कि कासनी के ही त्रिलोक चंद ने उनसे एएमसी ग्रुप–सी पद पर नौकरी देने का वायदा किया था। इसके लिए दोनों से साढ़े छह–साढ़े छह लाख रुपये भी लिए, लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद भी उन्हें नौकरी नहीं मिली। जब उन्होंने अपनी धनराशि वापस मांगी तो वह धन भी वापस नहीं कर रहा। इससे वह मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर कोतवाल हिमांशु पंत का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में आरोपी का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## काम लंबित रहने पर कार्रवाई की जाएगी: डीएम

**चम्पावत(सं)।** किसी पटल में कार्य लंबित रहने पर कार्रवाई की जाएगी। ये बात डीएम नवनीत पांडेय ने मासिक स्टाफ बैठक में कही। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में मासिक स्टाफ बैठक हुई। डीएम ने सभी पटल के अधिकारी और कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने को कहा। काम लंबित होने पर उन्होंने कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने फौजदारी, सीएम हेल्प लाइन, आबकारी आदि कार्यों के निस्तारण में तेजी लाने को कहा। अवैध खनन रोकने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी एसडीएम को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## पोकलैंड मशीन पर गिरा मलबा,आपरेटर घायल

**पिथौरागढ़(सं)।** घटखोला के पास पहाड़ी खिसकने से पोकलैंड मशीन में भारी मलबा आ गया। दुर्घटना में मशीन का आपरेटर भी घायल हो गया। इन दिनों बलुवाकोट के बिन्यागांव से तवाघाट तक सड़क चौडीकरण का कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार रोज की तरह रविवार को घटखोला के पास देर रात 2 बजे सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा था।

## अल्मोड़ा पुलिस ने 1.14 लाख की चरस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अल्मोड़ा(सं)।** नवनियुक्त एसएसपी अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा द्वारा जनपद पुलिस की कमान संभालते ही समस्त सीओ, प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत, प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, प्रभारी एएनटीएफ सौरभ कुमार भारती के नेतृत्व में रविवार को लमगड़ा पुलिस, एसओजी व एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान धौलगड़िया तिराहे के पास अभियुक्त दीवान सिंह राणा पुत्र प्रताप सिंह राणा निवासी कनवाड़ देवीधूरा थाना पाटी चम्पावत के कब्जे से 1.143 किग्रा चरस बरामद की गई।

## यूट्यूब से सीखकर दो सगे भाई बना रहे थे कच्ची शराब, एक गिरफ्तार, एक फरार

अल्मोड़ा(सं)। नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा द्वारा जनपद पुलिस की कमान संभालते ही समस्त सीओ, प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं।

सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी के नेतृत्व में रविवार को थाना देघाट पुलिस द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र ग्राम फोटीकुआं में औचक चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध रूप से कच्ची शराब व शराब बनाने की भट्टी मय उपकरणों के साथ पकड़ा गया। इस दौरान मौके का फायदा उठाकर एक व्यक्ति फरार हो गया। देघाट पुलिस टीम ने अभियुक्त के कब्जे से 23 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये व कुल 28 टिन (लगभग 420 लीटर) कच्चा लहन बरामद होने पर मौके पर ही नष्ट किया गया।

कच्ची शराब के साथ पकड़े गए अभियुक्त पूरन सिंह को गिरफ्तार कर उसके व फरार अभियुक्त पान सिंह पुत्र सोबन सिंह निवासी ग्राम फोटीकुआं देघाट अल्मोड़ा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत थाना देघाट में एफआईआर पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई। मामले में थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी ने बताया कि दोनों अभियुक्त सगे भाई हैं और दोनों ने यूट्यूब से कच्ची शराब बनाना सीखा था, जिनका उद्देश्य कच्ची शराब को आस–पास के गाँवों में बेचकर लाभ अर्जित करना था। देघाट पुलिस की औचक चेकिंग के दौरान पूरन सिंह गिरफ्त में आया और दूसरा अभियुक्त पान सिंह मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

यहाँ पुलिस टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह सामंत, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, मनोज पांडे तथा कांस्टेबल उपेंद्र यादव, नीरज बिष्ट शामिल रहे।

## पुलिस कप्तान देवेन्द्र पींचा ने संभाली जनपद पुलिस की कमान

**अल्मोड़ा(सं)।** जनपद के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा (आईपीएस) द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्द सलामी ग्रहण करने के पश्चात अल्मोड़ा जिले के एसएसपी के रुप में पदभार ग्रहण किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा के पद पर नियुक्त होने से देवेन्द्र पींचा पूर्व पुलिस अधीक्षक चम्पावत, एसपी क्राइम एवं ट्रैफिक नैनीताल, अपर पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रहे हैं। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने जनपद अल्मोड़ा का कार्यभार ग्रहण करने उपरान्त पत्रकारों से मुखातिब हुए। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि समाज व युवाओं को नशे से बचाना एवं नशे के जाल में फंसे युवाओं की काउंसलिंग कराकर उनको नशे से उबारकर मुख्य धारा जोड़ना उनकी प्राथमिकता में शामिल है, साथ ही कानून एवं ट्रैफिक व्यवस्था, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता रखते हुए जनता के हित में कार्य कर अल्मोड़ा पुलिस की छवि को और अधिक बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को साथ लेकर टीम वर्क के साथ बेहतर तरीके से कार्य किया जाएगा, जिससे हर कार्य में बेहतर परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं। इससे पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय के समस्त कार्यालयों/शाखाओं का निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई का जायजा



## धारचूला में बोरागांव के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**पिथौरागढ़(सं)।** सीमांत के युवाओं को सेना में नौकरी के नाम पर ठगने वाले सेवानिवृत्त फौजी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक उक्त पूर्व फौजी ने जिले के ही युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर 65 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की है। सोमवार को नगर के टकाना स्थित पुलिस कार्यालय में एसपी लोकेश्वर सिंह ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि बीते 31अक्तूबर को कनालीछीना के ग्वेता निवासी हिमांशु कुमार ने तहरीर दी थी। उन्होंने सेना से सेवानिवृत्त धारचूला बजानी कालिका निवासी देवेंद्र कुमार पर नौकरी का प्रलोभन देते हुए फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाया था।

## गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनेंगे चार कैडेट

**पिथौरागढ़(सं)।** 75वें गणतंत्र दिवस परेड में एनसीसी की 80वीं वाहिनी के चार एनसीसी कैडेट भी हिस्सा होंगे। इनमें सीनियर वर्ग में तीन और जूनियर वर्ग से एक कैडेट शामिल है। कैडेट्स के चयन से वाहिनी में हर्ष का माहौल है। बटालियन के एनसीसी अधिकारी बीआर कोहली ने बताया बटालियन से लेकर निदेशालय तक पांच चरणों के कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरने के कैडेट्स का चयन उत्तराखंड की कंटीजेंट में हुआ है। चयनित कैडेट्स में सीनियर वर्ग में लक्ष्मण सिंह महर कैंपस के रोहित सिंह देउपा व ओम कुमार, पीजी कॉलेज लोहाघाट से बबिता रावत व जूनियर वर्ग में पीएमश्री त्रिलोक सिंह बसेड़ा जीआईसी देवलथल से मीराज कोहली शामिल हैं।

कैडेट्स के चयन पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस तड़ागी, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल देवेश सिंह ऐरी, सूबेदार मेजर प्रताप सिंह बुंगला, सूबेदार परमन थापा, ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार हरेंद्र सिंह, नायब सूबेदार मोहन सिंह, बीएचएम हुकुम सिंह, सीएचएम विक्रम सिंह, नैन राम, प्रमोद पडियार, लोकेंद्र, हवलदार हरीश सिंह, धीरेंद्र सिंह, ब्रह्मानंद आदि शामिल हैं।


**।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।**

पत्रांक :- 3300 /कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांक :- 25.10.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 105 वार्ड नं0 15 गोविन्दनगर कोटद्वार | सोनिया बाई पत्नी चन्द्रप्रकाश | संजय भाटिया, नरेश भाटिया मुकेश भाटिया पुत्रगण चन्द्रप्रकाश भाटिया एवं सन्नी भाटिया, राहुल भाटिया पुत्रगण आनन्द प्रकाश | माता का मृत्यु प्रमाण पत्र उत्तरजीवी प्रमाण पत्र शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**

(1547/51) **नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

# सम्पादकीय

## सम्मान से समझौता नहीं

भारत के किसी छोटे से राज्य से भी कम महत्व रखने वाला मालदीव अब अपनी टिप्पणियों को लेकर ही फंसता हुआ नजर आ रहा है। मालदीव के राजस्व का मुख्य साधन पर्यटन है और इसका एक बड़ा हिस्सा भारतीयों के पर्यटन पर निर्भर करता है। मालदीव के कुछ नेताओं द्वारा भारत और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणियां हिंदुस्तान के लोगों को पसंद नहीं आई है और इसके बाद जिस प्रकार से सोशल मीडिया पर मालदीव की आलोचना हुई उससे अब मालदीव के पर्यटन पर भी बड़ा प्रभाव पड़ना तय है। मालदीव शायद यह बहुत जल्दी भूल गया की आर्थिक रूप से संपन्न कनाडा जैसे देश को भारत ने दिन में तारे दिखा दिए तो मालदीव देश का भारत के लिए क्या महत्व है इसकी कल्पना की जा सकती है। मालदीव की सरकार भी शायद भारत की प्रतिक्रिया से वाकिफ थी लिहाजा उसने सबसे पहले टिप्पणी करने वाले तीन सांसदों को निलंबित करते हुए स्थिति को संभालने का प्रयास किया। मालदीव की मुइज़्ज़ू सरकार में मंत्री मरियम शिनुआ, मालशा शरीफ और अब्दुल्ला महज़ूम समेत पार्टी के अन्य सदस्यों ने भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लक्ष्यदीप दौरे के दौरान सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की थी और इन्हीं तस्वीरों को लेकर मालदीव के इन नेताओं द्वारा टिप्पणियां की गई। भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति की गई टिप्पणियों को राजनयिक स्तर पर भी मालदीव के साथ उठाया। निश्चित तौर पर मालदीव के पर्यटन पर इसका प्रभाव पड़ेगा और अब देश में मालदीव के स्थान पर लक्षद्वीप को पर्यटन के लिए एक बड़ा लाभ मिलने वाला है। बॉलीवुड से लेकर आम आदमी प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी से नाराज है जो यह बताने के लिए भी काफी है कि आज हिंदुस्तान अपनी गरिमा और सम्मान को लेकर किस प्रकार से मजबूत बन चुका है। मालदीव को यह भूलना नहीं चाहिए कि वर्ष 1988 में मात्र 100 लड़ाकों ने मालदीव पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन कैक्टस चला कर उनकी जान बचाई थी और उनके देश पर कब्ज़ा नहीं होने दिया था। जुबान से निकले हुए शब्द और कमान से निकला हुआ तीर कभी वापस नहीं आते और मालदीव के लिए यह बात सटीक साबित होती है। आने वाले समय में मालदीव के पर्यटन क्षेत्र को अपने बेलगाम नेताओं की बदजुबानी कीमत चुकानी ही पड़ेगी।

# साल 2024 में भारत की कूटनीतिक चुनौतियां

**सत्येन्द्र रंजन**




दुनिया में प्रासंगिक समूह अब जी–7 और ब्रिक्स प्लस–एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन)–ईएईयू (यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन) हैं। ब्रिक्स प्लस, एससीओ और ईएईयू में तालमेल लगातार बढ़ रहा है। इससे इनकी एक साझा पहचान उभर रही है। ज..ब्रिक्स में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के आवेदन को रूस पूरा समर्थन दे रहा है। चीन और ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों का समर्थन भी उसे मिलने की संभावना है। ऐसे में भारत क्या रुख अपनाता है, इससे 2024 में ब्रिक्स के साथ भारत के रिश्तों पर असर पड़ सकता है। 2024 में ब्रिक्स की मेजबानी रूस करेगा।ज.

अगर अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में साल 2023 का लेखा–जोखा लें, तो भारत के लिए इस वर्ष का सर्वोच्च बिंदु जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा रही। साढ़े नौ वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से अपनी विदेश नीति में अमेरिकी धुरी से निकटता बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। जून में हुई राजकीय यात्रा का निहितार्थ यह रहा कि इस दिशा में भारत सरकार ने अपेक्षित प्रगति की है। यह धारणा बनी कि अब हर व्यावहारिक अर्थ में भारत अमेरिकी खेमे का देश बन गया है।

इस वर्ष मोदी सरकार की दूसरी बड़ी कूटनीतिक सफलता जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान साझा घोषणापत्र पर आम सहमति बना लेना रही । तमाम अनुमान यही थे कि जी–7 और रूस–चीन खेमे में बढ़ते टकराव के कारण ऐसा करना संभव नहीं होगा। लेकिन भारत सरकार ने अपने कूटनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर पश्चिमी देशों को साझा घोषणापत्र में यूक्रेन युद्ध का उल्लेख ना करने पर राजी कर लिया।

शिखर सम्मेलन से ठीक पहले तक अमेरिका और उसके साथी देश साझा घोषणापत्र में यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की दो टूक निंदा शामिल करवाने पर अड़े नजर आ रहे थे।

उधर रूस के साथ–साथ चीन भी इसके लिए तैयार नहीं था।

मौजूदा भू–राजनीति के बीच यह ऐसी खाई है, जिसे पाटना आसान नहीं था। लेकिन करिश्माई ढंग से मोदी सरकार पश्चिमी देशों को झुकाने में सफल हो गई। नतीजा हुआ कि नई दिल्ली घोषणापत्र जारी हुआ।

वैसे भारत में प्रचारित आम कथानक में जी–20 की मेजबानी करने को ही बड़ी सफलता बताया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि भारत को यह मेजबानी रोटेशन के आधार पर मिली। भारत इस समूह का सदस्य है, तो इसकी शिखर बैठक की मेजबानी का मौका मिलना एक स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा है। इसलिए इसे वर्तमान सरकार की सफलता बताना यथार्थ को तोड़–मरोड़ कर पेश करना है।

वैसे भी यह समूह अब अपनी प्रासंगिकता खो रहा है– या कहें काफी हद तक खो चुका है। दो खेमों में बंटती दुनिया के बीच इस समूह के अंदर कोई प्रभावी सहमति बनना या वैश्विक समस्याओं के हल के लिए इस समूह की तरफ से कोई सार्थक हस्तक्षेप हो पाना लगातार कठिन होता जा रहा है।

दुनिया में प्रासंगिक समूह अब जी–7 और ब्रिक्स प्लस–एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन)–ईएईयू (यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन) हैं। ब्रिक्स प्लस, एससीओ और ईएईयू में तालमेल लगातार बढ़ रहा है। इससे इनकी एक साझा पहचान उभर रही है। इस लिहाज से 2023 में भारत के लिए एक बड़ा मौका एससीओ की मेजबानी का भी था। लेकिन जुलाई में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन का ऑनलाइन आयोजन करने का एकतरफा फैसला कर भारत ने इसमें अपनी घटती दिलचस्पी का संकेत दिया। या कम–से–कम यह संकेत तो जरूर दिया कि उसकी नजर में यह समूह उतना अहम नहीं है, जितना जी–20 है। स्पष्टतः इसे गलत जगह दांव लगाने की एक मिसाल माना जाएगा।

भारत के इस नजरिए का नतीजा यह हुआ कि एससीओ शिखर बैठक के बाद जारी हुए साझा घोषणापत्र में भारत की भावनाओं का ख्याल नहीं किया गया। उसमें चीन के बहुचर्चित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की सराहना की गई। चूंकि भारत को इस पर एतराज था, इसलिए यह दर्ज कर लिया गया कि जो बात कही गई है, उससे भारत असहमत है। मगर यह गौरतलब है कि बीआरआई के पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर से गुजरने के कारण इससे भारत की बुनियादी आपत्ति है।

उधर एससीओ में जो हुआ, उससे इस वर्ष अगस्त में आयोजित हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के संभावित रुख को लेकर संदेह और सघन हो गए थे। लेकिन ऐसे अनुमान दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान निराधार साबित हुए। प्रधानमंत्री मोदी जोहानेसबर्ग गए। वहां उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार और ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच भुगतान की डॉलर मुक्त व्यवस्था बनाने के प्रस्तावों को अपना पूरा समर्थन दिया। जबकि इसके पहले तक कयास थे कि भारत का इन बिंदुओं पर बाकी ब्रिक्स देशों से मतभेद है।

इसके बाद सितंबर में जी–20 का शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ। हालांकि कूटनीति विशेषज्ञों की नजर में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के ना आने से इस से इस सम्मेलन की कुछ चमक कम हो गई थी, लेकिन भारतीय आवाम– खासकर अपने समर्थक तबकों के बीच मोदी सरकार इसकी मेजबानी को अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करने में कामयाब रही। चूंकि औपनिवेशिक और साम्राज्यवादी प्रभाव के कारण आम भारतीय मानस में पश्चिमी देशों को श्रेष्ठ मानने का एक खास खास भाव बैठा हुआ है, इसलिए अमेरिका, ब्रिटेन आदि जैसे देशों के नेताओं की एक साथ उपस्थिति को मोदी राज में कथित रूप से भारत के बढ़ते प्रभाव के रूप में पेश करना सत्ता पक्ष के लिए आसान हो गया।

लेकिन इस सम्मेलन की समाप्ति के हफ्ते भर के अंदर उन्हीं पश्चिमी देशों से भारत की प्रतिष्ठा पर अभूतपूर्व प्रहार हुआ। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने अपनी संसद में खड़े होकर भारत पर आरोप लगाया कि भारत सरकार कनाडाई धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या कराने में शामिल है। वह कनाडाई नागरिक खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर था, जिसका नाम भारत में वांछित अपराधियों की लिस्ट में था। अमेरिका ने तुरंत यह स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में वह कनाडा के साथ है। इस प्रकरण में एक के बाद एक आई खबरों ने भारत की बनी कथित प्रतिष्ठा पर गहरी छाया डाल दी। कनाडा के आरोप का मतलब हैः

# प्रभु श्रीराम के नाम पर विकास

विकास किसी भी रूप में हो, वह आम जन के लिये हितकारी ही होता है।

आज पूरी दुनिया की उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के एतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या के पुरातन वैभव व विकास कार्यों की चर्चा करते हुए रैली में यह कहा। उन्होंने कहा भारत की मिट्टी के कण–कण व जन–जन का मैं पुजारी हूं। 15 हजार 700 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर मोदी ने रामपथ, भक्ति पथ के निर्माण व सरयू नदी में गंदे पानी की आवक रोकने जैसी चातें भी कीं। वंदे भारत, नमो भारत व अमृत भारत ट्रेनों के संचालन की चर्चा करते हुए इस त्रिशक्ति ट्रेन को भारतीय रेल का कायाकल्प करने वाला बताया। उन्होंने बताया, तुलसीदास ने कहा था कि गरीब की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। इसलिए ये गरीब सेवा की भावना से शुरू की गई हैं। 34 वंदे भारत ट्रेनों में डेढ़ करोड़ यात्रियों द्वारा की गईं यात्राओं की चर्चा करते हुए मोदी ने यात्राओं व परिक्रमाओं को भगवान व आस्था से जोड़ते हुये कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अयोध्या नगरी को धन्यधान्य से परिपूर्ण व समृद्धि के शिखर पर आनंद से भरा हुआ वताया है। ज्यों– ज्यों लोक सभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, त्यों–त्यों राम मंदिर को लेकर भाजपा की रणनीति जोर–शोर से काम करती नजर आने लगी है। यही मुद्दा है, जिसने भाजपा को दो सीटों से सीधे केन्द्र तक पहुंचने का रास्ता बनाया। 14–22 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों, धार्मिक स्थलों व तीर्थ स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने की बात कर मोदी गांव–गांव, कस्वों–छोटे शहरों आदि में रहने वाले देशवासियों को सीधा श्रीराम से जोडऩे का काम किया है। सरकार के इस प्रयोग पर तिलमिलाया विपक्ष अब तक इसकी कोई काट नहीं ढूंढ पाया है। वे मन्दिर को पूरे देश का कह रहे हैं और कभी भी वहां दर्शन के लिए जाने की बात कर अपनी आस्था सुनिश्चित कराने की कोशिशें भी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि सरकार बार–बार दोहराती है कि राम मन्दिर निर्माण राजनीति का विषय नहीं है और रामलला पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। यह न सिर्फ आस्था व विश्वास से जुड़ा मुद्दा है, चल्कि इसे लगातार भावनाओं से जोड़ा जाता रहा है। यह विशाल आयोजन निःसंदेह भाजपा को बड़ा राजनीतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही किया जा रहा है। मगर इन व्यवस्थाओं के माध्यम से तथा इसे मिल रहे प्रचार से यहां भक्तों की आमद बढ़ेगी जिसका स्थानीय लोगों/बाजारों को लाभ मिलना तय है।

# मध्य वर्ग और क्रिमी भीड़ की दशा!

**हरिशंकर व्यास**



भारत में शिद्दत से अवसरों का तलाशता, छटपटाता एक छोटा सा मध्यवर्ग है। इसमें वे लोग हैजो सरकारी नौकरी में है या पेंशन पाते है या संगठित क्षेत्र की निजी नौकरी में है या ठीक–ठाक व्यापार कर रहा है। लेकिन इनके लिए अवसर लगातार सिमटते हुए हैं। तभी मध्य वर्ग की आबादी का एक हिस्सा किसी तरह से अमेरिका या दुनिया के किसी दूसरे सभ्य देश में वैध या अवैध रूप से घुसने की कोशिश में है। पिछले दिनों तीन सौ भारतीयों को लेकर निकारागुआ जा रहा एक विमान फ्रांस ने रोक लिया था और जांच के बाद वहीं से लौटा दिया था। यह विमान 'डंकी रूट' का हिस्सा था, जिसके जरिए लोग अवैध तरीके से मेक्सिको और उसके बाद अमेरिका या कनाडा में घुसते हैं। उस विमान में 70 फीसदी लोग पंजाब के और 30 फीसदी गुजरात के थे।

सोचें, देश के दो अपेक्षाकृत अधिक सम्पन्न राज्य के लोग कितने बेचैन हैं? किसी भी तरह से ये किसी सभ्य व विकसित या किसी भी तरह विदेश में जाने के लिए छटपटाता हुआ है। इस खबर के बाद पता चला कि पिछले दिनों दुबई से तीन विमान निकारागुआ गए। उनमें भी बड़ी संख्या में भारतीय सवार थे। अमेरिका में 30 लाख भारतीय हैं। इनमें एक लाख के करीब अवैध रूप से रह रहे भारतीय हैं। कितने लोग अवैध रूप से सीमा पार करने में परिवार के साथ मर गए, वह आंकड़ा अलग है। एक अच्छे जीवन की तलाश में मध्य वर्ग के लोग लाखों खर्च करके अवैध रूप से अमेरिका या यूरोप जाना चाहते हैं।

देश की आबादी में अमीरों का एक जो तीसरा वर्ग है उसके हजारों लोग हर साल भारत की नागरिता छोड़ रहे हैं। ये अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन या ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं। इसी अमीर और सरकारी या कॉरपोरेट की नौकरी या अच्छे कारोबार से जुड़ा तीन–चार करोड़ लोगों का एक वर्ग है, जो खूब खर्च कर रहा है। इनके उफाननुमा खर्च में विदेशी आयातित चीजों की भारी बिक्री है लेकिन बाकी भारतीय परिवारों का खर्च सिमटता जा रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यानी जुलाई से अक्टूबर 2023 में 7.6 फीसदी की विकास दर का जो डंका बजा है उसमें भारतीय परिवारों की खपत का हिस्सा सिर्फ 3.2 फीसदी ही बढ़ा है। यानी लोग खर्च कम कर रहे हैं। इसके बावजूद विकास दर की तेजी इस वजह से है क्योंकि जीडीपी के आकलन का फॉर्मूला सिर्फ उत्पादन से जुड़ा है। हालांकि ऐसा नहीं है कि उत्पादन भी बहुत हो रहा है। कंपनियां खर्च घटा कर या महंगाई बढ़ा कर मुनाफा कमा रही हैं।

## पाकिस्तान में सुरक्षा प्रदान करने जा रही पुलिस वैन के पास हुआ जबरदस्त विस्फोट, 5 पुलिसकर्मियों की मौत; 22 घायल

**पेशावर ,एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक पुलिस वैन के पास हुए बम विस्फोट में कम से कम 5 पुलिसकर्मी मारे गए और 22 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, बाजौर जिले में वैन को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से निशाना बनाया गया। पुलिस ने कहा कि कर्मी जिले में पोलियो टीकाकरण टीमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जा रहे थे, तभी उन्हें निशाना बनाया गया।

जिसके चलते, पोलियो टीकाकरण अभियान निलंबित कर दिया गया। घटना के बाद, बचाव दल के साथ पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी इलाके में पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां कई अन्य घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। किसी भी समूह या व्यक्ति ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## ऑस्ट्रेलिया में विमान दुर्घटना में दो लोग घायल

**सिडनी ,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ के एक छोटे से द्वीप पर सोमवार को एक हल्के विमान के रनवे से आगे निकल जाने से दो यात्री घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया के अनुसार विमान नौ यात्रियों को ले जा रहा था जब उसने ब्रिस्बेन से लगभग 1,600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में लिजर्ड द्वीप पर उतरने का प्रयास किया। क्वींसलैंड पुलिस ने बताया कि उन्हें सोमवार की सुबह 7:20 बजे के आसपास एक 'विमानन घटना' के बारे में सतर्क किया गया था। पुलिस ने कहा कि इस स्तर पर दुर्घटना का विवरण हल्का था, लेकिन माना जाता है कि दो लोगों की चोटें मामूली थीं। मीडिया ने बताया कि एक रॉयल फ्लाइंग डॉक्टर सर्विस विमान और दो बचाव हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर भेजे गए।

## टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे का रनवे खुला

**टोक्यो ,एजेंसी।** जापान एयरलाइंस (जेएएल) के यात्री जेट और जापान तटरक्षक विमान के बीच घातक टक्कर के बाद बंद किये गये टोक्यो के हनेडा हवाई अड्डे का रनवे सोमवार को फिर से खुल गया। जापान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे के चार रनवे में से एक रनवे सी को जेएएल विमान के मलबे को हटाने और मरम्मत के पूरा होने के बाद फिर से खोल दिया गया। दुर्घटना के बाद रनवे सी के बंद होने से 1,200 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे नए साल की व्यस्त छुट्टियों के दौरान दो लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। गौरतलब है कि जेएएल विमान दो जनवरी को उतरते समय रनवे सी पर तटरक्षक विमान से टकरा गया जिससे दोनों विमानों में आग लग गई। आग की लपटों में घिरने से पहले जेएएल उड़ान में सवार सभी 379 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया लेकिन तटरक्षक विमान के छह चालक दल में से पांच की मौत हो गई जबकि जीवित पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जापान के भूकंप प्रभावित इशिकावा प्रान्त में 128 की मौत, 195 लापता

**टोक्यो ,एजेंसी।** अधिकारियों ने कहा कि मध्य जापानी प्रान्त इशिकावा में मरने वालों की संख्या 128 तक पहुंच गई है। छह दिन पहले 7.6 तीव्रता तक के भूकंपों ने प्रीफेक्चर और इसके आसपास के क्षेत्र को प्रभावित किया था। भूकंप के कारण इशिकावा में 560 लोगों को चोटें आईं, प्रीफेक्चर में 195 निवासियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भूकंप प्रभावित इलाकों में बचाव अभियान जारी है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, रात करीब 8:20 बजे इशिकावा प्रान्त के सुजु शहर में एक ढहे हुए घर से मलबे में फंसी 90 साल की एक महिला को बाहर निकाला गया।

# ओपीएस बहाली को लेकर अड़े केंद्रीय कर्मचारी, जंतर-मंतर पर शुरू की चार दिन की क्रमिक भूख हड़ताल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश भर में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर सोमवार से चार दिन की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच (जेएफआरओपीएस) एनजेसीए की स्टीरिंग कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज 08 से 11 जनवरी तक सभी सरकारी रेल कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राजधानी में जंतर मंतर पर तथा अपने-अपने विभागीय प्रशासनिक कार्यालयों, उत्पादन इकाईयों तथा यूनिटों के सामने सुबह नौ बजे से सांय पांच बजे से तक क्रमिक अनशन/भूख हड़ताल पर बैठ गए जिसमें रेलवे, रक्षा, शिक्षा एवं अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल है।



जेएफआरओपीएस के संयोजक एवं आल-ईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने जन्तर मन्तर, नई दिल्ली पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली उन सभी केन्द्र एवं प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों एवं रेल कर्मचारियों का प्रमुख मुद्दा है जो दिनांक एक जनवरी 2004 से सरकारी सेवा मे आये है और पिछले वर्ष से ही सभी सरकारी कर्मचारी, एवं रेल कर्मचारी जिनमे रक्षा, शिक्षक तथा सरकारी उत्पादन इकाईयों आदि भी शामिल है, पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर प्रदेश स्तर से लेकर केन्द्र स्तर तक जोरदार आंदोलन और प्रदर्शन करते आ रहे है। गत वर्ष 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक रैली भी हुई थी। उन्होंने कहा कि अब यह आंदोलन रूकने वाला नही है, यह भूख हड़ताल अगले चार दिन 11 जनवरी तक चलेगी और इसमे भारी संख्या में रेलवे कर्मचारियों के साथ अन्य क्षेत्र के सरकारी कर्मचारी भी शामिल है और यह आंदोलन पूरे देश के साथ-साथ रेलवे के सभी प्रशासनिक कार्यालयों पर एआईआरएफ के झंडे तले आयोजित किया जा रहा है।

श्री मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना, कर्मचारियों के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि उसके बिना कर्मचारियों के बुढापे में उनकी कोई सामाजिक सुरक्षा नही है। सरकार खुद तो पेंशन लेती है, लेकिन सरकारी कर्मचारियों के बुढापें की उनको कोई परवाह नही। सरकारी कर्मचारियों के इतने आंदोलनों के बाद भी अभी तक इस दिशा मे कोई विशेष ध्यान नही दिया है जिसके उपरान्त आम हड़ताल की नोटिस देने से पूर्व पहले सरकार को चेताने के लिए एक मौका और दिया जा रहा है जिसके अन्तर्गत सभी सरकारी कर्मचारी, रक्षा, शिक्षक एवं रेल कर्मचारी नई दिल्ली में आज सुबह से ही जन्तर मन्तर के अलावा अपने-अपने मुख्यालयों, कारखानों एवं यूनिटों पर इस कंपकंपाती ठंड मे भूख हड़ताल पर बैठ गये है और चार तीन तक इस चलने वाले भूख हड़ताल पर बैठक सभी कर्मचारियों में पुरानी पेंशन की मांग को लेकी काफी रोष है और वे पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर काफी उग्र होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कर्मचारियों ने सरकार को अब एक आखिरी मौका देने का काम किया है इसके बाद सीधे आम हड़ताल का नोटिस सरकार को दिया जायेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस क्रमिक अनशन में सीजीएचएस के अध्यक्ष जयदेव दहिया, कन्फेडेशन के गिरिराज सिंह, राजीव शर्मा, एनआरएमयू दिल्ली मंडल के मंडल मंत्री अनूप शर्मा, हेडक्वार्टर के संजीव सैनी, एन एन पाठक एवं अन्य नेताओ के साथ -साथ तमाम रेलकर्मी और सरकारी कर्मचारी शामिल हुए।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए लाई जा रही 3610किलो की अगरबत्ती, 50किमी तक फैलेगी खुशबू

**भरतपुर, एजेंसी।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए एक ट्रेलर पर लादकर गुजरात से अयोध्या ले जाई जा रही 3610 किलोग्राम वजनी अगरबत्ती का सोमवार को यहां श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। 108 फुट लंबी इस अगरत्ती को लेकर यह ट्रेलर के आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के रास्ते भरतपुर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गुजरात में तैयार की गई इस अगरवत्ती को बनाने में छह महीने लगे। यह अगरबत्ती करीब डेढ़ महीने तक जलेगी और 50 किलोमीटर के इलाके में खुशबू फैलाएगी। इस अगरबत्ती की चौड़ाई करीब साढ़े तीन फुट है। अगरबत्ती का निर्माण करने वाले गुजरात निवासी बिहा भरवाड़ ने बताया कि अगरबत्ती को देसी गाय के गोबर घी धूप सामग्री सहित अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियां मिलाकर बनाया गया है।

# भजनलाल सरकार को बड़ा झटका, जिसे बनाया था मंत्री, वही चुनावी दंगल में हार गया अपनी सीट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के कृषि विपणन, इंदिरा गांधी नगर, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ राज्य मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी श्रीगंगानगर जिले में करणपुर विधानसभा चुनाव हार गए हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार करणपुर विधानसभा स्थगित चुनाव-2023 के लिए सोमवार को हुई मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी श्री टीटी को कांग्रेस उम्मीदवार रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 283 मतों के अंतर से चुनाव हराया।



इस चुनाव में श्री कुन्नर को 94 हजार 760 से अधिक मत मिले जबकि श्री टीटी ने 83 हजार 500 से अधिक वोट प्राप्त किए।

टीटी मतगणना शुरु होते ही पहले दौर में तो रुपिंदर कुन्नर से बढ़त बनाई लेकिन उसके बाद के 14वें दौर तक श्री कुन्नर से पीछे चलते रहे और एक बार केवल 15वें दौर की मतगणना के मतों में थोड़ी बढ़त ली। इसके बाद आखिरी 18वें दौर तक वह पीछे ही चलते रहे और चुनाव हार गए। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के पृथीपाल सिंह 11 हजार 912 एवं निर्दलीय तीतर सिंह 1216 के अलावा कोई उम्मीदवार एक हजार मत भी नहीं ले पाये जबकि 1034 मत नोटा में पड़े।

उल्लेखनीय है कि गत 25 नवंबर को हुए राज्य की सोलहवीं विधानसभा चुनाव के लिए करणपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण यहां चुनाव स्थगित हो गए थे और 200 विधानसभा वाली राजस्थान विधानसभा की 199 सीटों पर चुनाव हुआ, जिसमें 115 सीटों के साथ भाजपा ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। इसके बाद स्थगित करणपुर विधानसभा सीट के लिए पांच जनवरी को चुनाव करार जाने की घोषणा के बाद कांग्रेस ने गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र को भाजपा प्रत्याशी श्री टीटी के सामने अपना उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारा। भाजपा की नवगठित सरकार का गत 30 दिसंबर को मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ और उसमें श्री टीटी को विधानसभा चुनाव जीतने से पहले ही मंत्री बना दिया था लेकिन अब श्री टीटी चुनाव हार गए।

# भारत को छेड़ बुरी तरह फंसा मालदीव, 10 हजार से ज्यादा होटल बुकिंग-5000 फ्लाइट टिकट कैंसिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की तरफ जो भी बुरी नजर रखेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर हिंद महासागर में मौजूद द्वीपीय देश मालदीव के नेताओं द्वारा दिए गए विवादित बयान पर अब खुल मालदीव फंसता नजर आ रहा है। सबसे बड़ी मार उसके पर्यटन कारोबार पर पड़ी है, क्योंकि मालदीव की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का खासा महत्त्व है।



भारतीयों ने मालदीव के नेताओं के जरिए भारत को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मालदीव का बायकॉट करना शुरू कर दिया है। पता चला है कि हजारों की संख्या में होटल बुकिंग और फ्लाइट टिकट कैंसिल हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार साढ़े 10 हजार से ज्यादा होटल बुकिंग्स कैंसिल हो गई हैं, जबकि 5 हजार से ज्यादा फ्लाइट टिकट को भी कैंसिल कर दिया गया है। उधर, मालदीव ने उन तीन मंत्रियों को भी सस्पेंड कर दिया है, जिनकी वजह से ये विवाद शुरू हुआ था। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूअर ऑपरेटर्स ने अनुमान लगाया है कि बायकॉट का असर अगले 20 से 25 दिनों में दिखने लगेगा।

## पाकिस्तान में पुलिस वाहन को बम से उड़ाया, पांच पुलिसकर्मियों की मौत, 14 अन्य घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले की मामुंड तहसील में सोमवार को पुलिस वाहन को लक्ष्य कर किए गए बम विस्फोट में पांच पुलिसकर्मी मारे गए और करीब 14 घायल हो गए। बचाव और पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह प्रांत के बाजौर जिले में एक पुलिस ट्रक को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी जिले में पोलियो टीकाकरण टीमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जा रहे थे, तभी उन्हें निशाना बनाया गया।

घटना के बाद बचाव दल के साथ पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी इलाके में पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। किसी भी समूह या व्यक्ति ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# भूटानी व ग्रुप-108 में 200 लोगों ने खपाया ब्लैक मनी , 500 करोड़ रुपए के अघोषित लेनदेन की मिली जानकारी

**नोएडा ,एजेंसी।** नोएडा में 4 जनवरी से ही चार बिल्डरों के ठिकानों पर आईटी टीम की रेड जारी है।

इस रेड में इनकम टैक्स विभाग को कई महत्वपूर्ण कागज और जानकारियां मिली है। इनके मुताबिक भूटानी और ग्रुप 108 में करीब 200 से ज्यादा लोगों ने अपना ब्लैक मनी छुपाया है। सूत्रों के मुताबिक इनकम टैक्स विभाग को 500 करोड़ रुपए के अघोषित लेनदेन के कागज मिले हैं। इसके साथ ही साथ 5 करोड रुपए कैश और ज्वेलरी भी बरामद हुई है।

जिन 200 से ज्यादा लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने ब्लैक मनी को इन दोनों बिल्डरों के यहां खपाई है। ये लोग भी अब इनकम टैक्स की रडार पर आ चुके है।

इनकम टैक्स ने नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद में 37 ठिकानों पर सर्च शुरू की थी, जो रविवार को अब घटकर 30 स्थानों पर पहुंच चुकी है।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए 4,300 मैच खेलने की कगार पर एलिस पैरी



नवी मुंबई , अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 300 मैच खेलने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनने की कगार पर प्रमुख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर एलिस पैरी ने कहा कि वह 400 मैच खेलने के लिए भी तैयार हैं।

जब भारत शाम को डीवाई पाटिल स्टेडियम में दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा तो 33 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलिस, मिताली राज, चालोट एडवर्ड्स और सुजी बेट्स के बाद अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 300 मैच खेलने वाली चौथी खिलाड़ी बन जाएंगी।

क्रिकेट.कॉम.एयू ने एलिस के हवाले से कहा, अगले कुछ समय में मेरे लिए जो कुछ भी होगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं अभी भी इस समूह का हिस्सा बनने के अवसर को पूरी तरह से पसंद कर रही हूं और मुझे लगता है कि सब कुछ सही है और मैं 400 मैच खेलना भी पसंद करूंगी।

लेकिन मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी के पास भी भविष्य देखने वाली किताब है, इसलिए यदि वह चीजें सही नहीं रहती है, तो मेरे पास इस समूह के साथ अद्भुत अनुभवों का उचित हिस्सा है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ एक और संख्या है, लेकिन जब तक मैं टीम में योगदान दे सकती हूं, तब तक मैं इसका हिस्सा बनना पसंद करूंगी।

एलिस को 2022 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने छह महीने बाद साल के अंत में भारत के खिलाफ लगातार प्रभावी पारियों के साथ टीम में वापसी करने के लिए अपने खेल में सुधार किया। उन्होंने 2023 के लिए आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकन भी प्राप्त किया।

अगले 18 महीने में ऑस्ट्रेलिया घरेलू मैदान पर महिला एशेज की मेजबानी के अलावा, टी20 और वनडे दोनों में अपने विश्व कप खिताब की रक्षा करेगा। एलिस नियमित कप्तान और करिश्माई बल्लेबाज मेग लैनिंग के बाहर होने के बाद ऑस्ट्रेलिया में होने वाले बदलाव का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हैं।

# पथुम निसंका जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर



कोलंबो ,श्रीलंका को एक अप्रत्याशित झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका को डेंगू के संदिग्ध मामले के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होना पड़ा।

उनकी बीमारी की गंभीरता बहुत अधिक है, जिससे संभावित रूप से उन्हें अगले तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर कर दिया जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में इलाज के लिए निसंका के अस्पताल में भर्ती होने का खुलासा किया, जिससे बेहद प्रतीक्षित प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी पर संकट मंडरा रहा है।

जारी एक बयान में कहा गया, पथुम निसंका को संदिग्ध डेंगू संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तदनुसार, खिलाड़ी को आगे के प्रबंधन के लिए भर्ती किया जाता है और वह जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

एक रणनीतिक कदम में, 19 वर्षीय, एक होनहार प्रतिभा जिसके पास एकमात्र टी20 है, निसंका के प्रतिस्थापन के रूप में मैदान में कदम रखता है। सलामी बल्लेबाज के रूप में डेनियल की क्षमता के बावजूद, बल्लेबाजी लाइनअप में अविष्का फर्नांडो और कप्तान कुसल मेंडिस की मौजूदगी से शनिवार को पहले वनडे के लिए अंतिम एकादश में उनका स्थान अनिश्चित हो गया है। श्रीलंका के 2023 एकदिवसीय अभियान में एक दुर्जेय ताकत निसंका के बाहर होने से टीम को दुख है। 44.26 की औसत और 87 की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 1151 रन, वह बल्लेबाजी क्रम में एक निर्णायक के रूप में खड़े रहे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ, चार पारियों में उनका औसत 82.33 तक बढ़ गया, जिससे उनकी अनुपस्थिति में पैदा हुआ शून्य बढ़ गया।

इन क्रिकेट द्वंद्वों के लिए युद्ध का मैदान खेतारामा में खुलेगा, जिसमें तीनों एकदिवसीय और आगामी टी20 इस प्रतिष्ठित स्थल की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## अफगानिस्तान से टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, रोहित और कोहली की 14 महीने बाद हुई वापसी

मुंबई ,अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से मोहाली में शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की 14 महीने बाद सबसे छोटे फॉर्मेट में वापसी हुई है। रोहित फिर से टी20 टीम की कमान संभालने जा रहे हैं।रोहित और कोहली ने आखिरी टी20 मैच टी20 वर्ल्ड कप 2022 में खेला था। दोनों ने कुछ समय पहले टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलने की ख्वाहिश जताई थी, जिसका आयोजन एक जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा। टी20 वर्ल्ड कप से पहले अफगानिस्तान सीरीज भारत की आखिरी टी20 इंटरनेशनल सीरीज है। बता दें कि भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला मैच 11 जनवरी को मोहाली, दूसरा 14 जनवरी को इंदौर जबकि तीसरा 17 जनवरी को बेंगलुरु में होगा।भारत की टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव , अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

# भारत में टेस्ट के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी को लेकर अनिश्चित हैं बेयरस्टो



नई दिल्ली , इंग्लैंड के विकेटकीपर–बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि उन्हें अभी तक पता नहीं है कि वह भारत में 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान टीम के लिए कीपिंग ग्लव्स पहनेंगे या नहीं।

आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों के लिए 2023 टेस्ट होम समर में बेयरस्टो इंग्लैंड के प्राथमिक विकेटकीपर–बल्लेबाज थे। शुरुआत में उन्होंने कुछ गलतियाँ कीं, लेकिन एशेज का अंत 23 कैच और एक स्टंपिंग के साथ हुआ।

इंग्लैंड ने भारत के टेस्ट दौरे के लिए और साथ ही अबू धाबी में आगामी तैयारी शिविर के लिए विकेटकीपर–बल्लेबाज बेन फॉक्स को 16 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया था। फोक्स को 2021 दौरे में भारतीय पिचों पर तीन मैचों के दौरान अपनी बेदाग विकेटकीपिंग के लिए व्यापक प्रशंसा मिली थी।

बेयरस्टो ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की है, जब तक मैं वहां हूं, जब तक मैं फिट हूं और काम कर रहा हूं, चयन के फैसले मेरे हाथ से निकल जाएंगे। लेकिन देखिए, मैं इस बात से काफी खुश हूं कि मैं यहां हूं, चाहे मैं कीपिंग कर रहा हूं, बल्लेबाजी कर रहा हूं या कुछ भी कर रहा हूं।

इंग्लैंड के 2021 के भारत दौरे के दौरान बेयरस्टो ने चार पारियों में तीन शून्य बनाए। चेन्नई में पहले दो मैचों से आराम मिलने के बाद उन्होंने श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की स्पिन–अनुकूल पिचों पर खेले। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंग्लैंड भारतीय पिचों पर अपनी अति आक्रमक शैली के अनुसार ढलने और खेलने की चुनौती के लिए तैयार रहेगा।

भारत अलग–अलग पिचें बना सकता हैः उसे टर्न करने की ज़रूरत नहीं है। हमने देखा है कि हाल ही में उनका सीम आक्रमण कितना शक्तिशाली रहा है। देखिए, मुझे यकीन है कि पिचें टर्न होंगीः यह पहले दिन से टर्न होगा या नहीं, यह महत्वपूर्ण है , जो संभावित रूप से उनके सीम आक्रमण में उनकी ताकत को थोड़ा कम कर देता है। हम जानते हैं कि वे कितने मजबूत हैं।

बज़्बॉल के बारे में बहुत सारी बातें हो रही हैं और संभवतः इसका अधिकांश हिस्सा आप लोगों (मीडिया में) से आया है। देखिए, यह क्रिकेट खेलने का एक सकारात्मक तरीका है। यह एक ऐसा तरीका है जिससे हम लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश कर रहे हैं देख रहे हैं। भारत में, हम जानते हैं कि परिस्थितियाँ थोड़ी अलग होने वाली हैंज् यह एक मामला होगा, क्या हम परिस्थितियों के अनुसार जल्दी और अच्छी तरह से अनुकूलन कर सकते हैं, और उपयुक्त रूप से खेल सकते हैं?

बेयरस्टो पैर की गंभीर चोट के कारण 2022 की अधिकांश क्रिकेट गतिविधियों से चूक गए थे, जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी और 2023 के मध्य में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी की। उन्होंने खुलासा किया कि भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में इंग्लैंड के बाहर होने के बाद का समय पैर को सही करने के लिए समर्पित था।

मैं अपने टखने को ठीक कर रहा हूं, बस जिम में कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं, दोस्तों और परिवार के साथ मिल रहा हूं। चोट से वापस आने के बाद, यह पूरी गर्मी थीज् यह बहुत अच्छा रहा थोड़ा तरोताजा हो जाएं, परिवार के साथ थोड़ा समय बिताएं और यह सुनिश्चित करें कि टखना जितना हो सके उतना अच्छा हो।

# पीकेएल : शादलौई, गौरव ने पुनेरी पल्टन को तमिल थलाइवाज पर 29—26 से रोमांचक जीत दिलाई



मुंबई , पुनेरी पल्टन ने प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के मैच में रोमांचक मुकाबले में तमिल थलाइवाज को 29–26 से हरा दिया। मोहम्मदरेज़ा चियानेह शादलोई (5 टैकल पॉइंट और 3 रेड पॉइंट) और गौरव खत्री (6 टैकल पॉइंट) पुनेरी पल्टन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे, जबकि तमिल थलाइवाज के कप्तान सागर (7 टैकल पॉइंट) उनके स्टार परफॉर्मर थे। शुरुआती 20 मिनट में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। नरेंद्र ने मैच की शुरुआत में सुपर रेड मारकर तमिल थलाइवाज को एक स्वप्निल शुरुआत दी और पुनेरी पलटन को तुरंत बैकफुट पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। जैसे–जैसे हाफ आगे बढ़ा, दोनों टीमों ने बढ़त बना ली और कोई भी कार्यवाही पर नियंत्रण नहीं कर पाई, क्योंकि दोनों ने रक्षात्मक रुख अपनाया। रणनीतिक रूप से पहला हाफ पुनेरी पल्टन के 12–11 से आगे रहने के साथ समाप्त हुआ। यह पूरे सीजन् में टीम द्वारा बनाए गए अंकों की सबसे कम संख्या थी। तमिल थलाइवाज ने हाफ की शुरुआत सुपर टैकल से की, जब सागर और हिमांशु ने मोहित गोयत को फंसाया। हालाँकि, इसने पुनेरी पल्टन को आगे बढ़ने से नहीं रोका, क्योंकि असलम इनामदार ने सागर को हराकर गेम का पहला ऑल आउट कर दिया। 24वें मिनट में टेबल टॉपर्स ने 17–16 की मामूली बढ़त बना ली। अगले ही रेड में शादलोई सुपर रेड से बच निकले, क्योंकि उन्होंने दो डिफेंडरों को टैग किया और एक बोनस अंक हासिल किया। नरेंद्र बड़े अंक हासिल करने में असमर्थ रहे, तमिल थलाइवाज ने अंकों के लिए अपने डिफेंस पर भरोसा किया और कप्तान सागर के पंकज मोहिते पर किए गए बेहतरीन टैकल से उन्होंने हाई 5 पूरा किया। इसके बाद शादलूई की बारी थी ऐसा करने की क्योंकि उन्होंने नरेंद्र को एक चट्टान से रोका। –28वें मिनट में अपना 5वां टैकल प्वाइंट हासिल करने के लिए मजबूत पकड़ बनाई। तमिल थलाइवाज ने खेल के अंतिम चरण में शानदार वापसी की। एम. अभिषेक और सागर के दो सुपर टैकल से 36वें मिनट में तमिल थलाइवाज सिर्फ 3 अंक से पिछड़ गया।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com